ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

School Level Examination

SLE 2023

# GRADE 7

# हिंदी

**Subject Code:** 6 0 1

Total Questions: 40

Time: 1 hour

**प्रश्न-पत्र को तब तक न खोले जब तक कि ऐसा करने के लिए कहा न जाए।**

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- **उत्तर-पत्रिका** पत्र पर दिए गए निर्देशों को पढ़े और अपना **नाम**, **कक्षा और अन्य सूचना** भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर दिखाने के लिए गोलाकार खानों को केवल **नीले/काले बॉलपेन** से भरें।
- **उत्तर-पत्रिका** में सभी उत्तर प्रश्न संख्या के सामने दिए गए संबंधित गोलाकार खानों में **अंकित** करें।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 40 **बहुविकल्पी प्रश्न** हैं। दी गई सूचनाओं के आधार पर **सबसे सही** उत्तर विकल्पों में से चुनें।
- प्रश्न-पत्र में **नकारात्मक अंक गणना नहीं** होगी।
- परीक्षा-कक्ष छोड़ने से पहले परीक्षार्थी **उत्तर-पत्रिका** निरीक्षक को सौंप दें।
- मोबाइल फोन, कैलकुलेटर आदि का प्रयोग पूर्णतः **निषेध** है। प्रश्न-पत्र में उपलब्ध खाली जगहों पर रफ कार्य किया जा सकता है।

## खंड (क)

**निर्देश : इस खंड में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

1. **'आप पर बीती' (आपबीती) में उपयुक्त समास है–**

   (A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष
   (C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

2. **'मज़दूर के द्वारा वहाँ गड्ढा खोदा गया था।' वाक्य कौन-से वाच्य का है?**

   (A) कर्तृवाच्य (B) कर्मवाच्य
   (C) भाववाच्य (D) तीनों उत्तर ग़लत।

3. **निम्नलिखित में कौन-सा वाक्य निषेधात्मक नहीं है?**

   (A) आप यहाँ न बैठें।
   (B) अब तो धूप निकलने से रही।
   (C) इस घटना के बाद वह थोड़े ही जाएगा, तुम्हारे साथ।
   (D) मुझे डॉक्टर के पास जाना ही होगा।

4. **निम्नलिखित में से मूर्धन्य व्यंजन कौन-से हैं?**

   (A) क्, ख्, ग्, घ् (B) त्, थ्, द्, ध्
   (C) ट्, ठ्, ड्, ढ् (D) स्, श्, फ़

5. **'तुम हमेशा झूठ क्यों बोलती हो?' वाक्य में प्रयुक्त 'तुम' सर्वनाम है–**

   (A) अन्य पुरुष – बहुवचन (B) मध्यम पुरुष – एकवचन
   (C) मध्यम पुरुष – बहुवचन (D) उत्तम पुरुष – एकवचन

6. **सरकारी कामकाज में प्रयुक्त होने वाली भाषा को क्या कहते हैं?**

   (A) राष्ट्रभाषा (B) राज्यभाषा
   (C) राजभाषा (D) तीनों उत्तर सही।

7. **'द्विगु समास' के विषय में कौन-सा कथन असत्य है?**

   (A) द्विगु समास में पूर्वपद प्रधान होता है।
   (B) इसका उत्तरपद विशेष्य होता है।
   (C) पूर्वपद संख्यावाची होता है।
   (D) अर्थ की दृष्टि से यह समास समूहवाची होता है।

8. **'बच्चों ने काम समाप्त कर लिया है।' वाक्य के क्रिया पदबंध में मुख्य क्रिया का अंश है–**

(A) कर
(B) लिया
(C) किया
(D) कर लिया

9. **'मेरा बेटा गिटार बजाता है।' वाक्य से बना भूतकाल का सही वाक्य है–**

(A) मेरा बेटा गिटार बजाया।
(B) मेरे बेटे ने गिटार बजाया।
(C) मेरे बेटे गिटार बजाई।
(D) मेरा बेटे ने गिटार बजाई।

10. **कौन-सा शब्द 'कर' शब्द के लिए अनेकार्थी नहीं है?**

(A) हाथ
(B) दाँत
(C) किरण
(D) टैक्स

11. **'वे' का प्रयोग किस वाक्य में एकवचन स्त्रीलिंग रूप में हुआ है?**

(A) वे आए थे, पर जल्दी चले गए।
(B) वे सब स्त्रियाँ झूठ बोल रही थीं।
(C) तीनों अध्यापक आए तो थे पर वे जल्दी ही चले गए।
(D) माता जी मंदिर पहुँचीं और वहाँ वे दो घंटे तक रूकीं।

12. **'मत' लगाकर कौन-से वाक्य निषेधात्मक बनाए जाते हैं?**

(A) कथनात्मक
(B) प्रश्नवाचक
(C) आज्ञार्थक
(D) संकेतवाचक

13. **निम्नलिखित में से 'ण्' व्यंजन किस वर्ग का सदस्य है?**

(A) दंत्य
(B) तालव्य
(C) मूर्धन्य
(D) अंतस्थ

14. **किस वाक्य में रीतिवाचक क्रियाविशेषण का प्रयोग हुआ है?**

(A) आप <u>कब</u> आएँगे?
(B) आप मुझे <u>होटल</u> में खाना खिलाइए।
(C) मेरा बेटा <u>आज कल रात-दिन</u> मेहनत कर रहा है।
(D) तुम इतनी <u>ज़ोर से</u> क्यों चिल्ला रहे हो?

15. **'काम कोई करे, फल कोई पाए' अर्थ को व्यक्त करने वाली लोकोक्ति है–**

(A) अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग
(B) अपनी करनी पार उतरनी
(C) अंधी पीसे, कुत्ता खाए
(D) ऊँची दुकान, .फीका पकवान

16. 'क् + ष' व्यंजनों के मेल से कौन-सा संयुक्ताक्षर बनाया गया है?

(A) क्श (B) क्ष

(C) क्छ (D) ज्ञ

17. 'पूज्य' विशेषण किस संज्ञा से बना है?

(A) पूजनीय (B) पूजा

(C) पूजित (D) पुजारी

18. प्रश्नवाचक वाक्यों के संबंध में कौन-सा कथन ग़लत है?

(A) प्रश्नवाचक वाक्यों में कोई-न-कोई प्रश्न पूछा जाता है।

(B) प्रश्नवाचक वाक्यों में किसी-न-किसी प्रश्नवाचक शब्द का प्रयोग अवश्य किया जाता है।

(C) हिंदी के जिन प्रश्नवाचक वाक्यों के उत्तर 'हाँ' या 'ना' में मिलते हैं, उनमें प्रश्नवाचक शब्द 'क्या' वाक्य के शुरू में लगता है।

(D) प्रश्नवाचक वाक्यों के निषेधात्मक रूप नहीं हो सकते।

19. 'सिरदर्द' समस्तपद का सही विग्रह है–

(A) सिर से दर्द (B) सिर पर दर्द

(C) सिर में दर्द (D) सिर को दर्द

20. किस शब्द का बहुवचन रूप ग़लत है?

(A) दास – दासीआँ (B) बहू – बहुएँ

(C) रात – रातें (D) मुर्गा – मुर्गे

21. 'मैं उससे थोड़े ही डरता हूँ' किस प्रकार का वाक्य है?

(A) प्रश्नवाचक (B) कथनात्मक

(C) आज्ञार्थक (D) निषेधात्मक

22. किस शब्द से बना शब्द भाववाचक संज्ञा नहीं है?

(A) व्यक्ति – व्यक्तिगत (B) बच्चा – बचपन

(C) अच्छा – अच्छाई (D) आलसी – आलस्य

23. 'वह नौकर से कपड़े धुलवा रही है।' वाक्य के क्रिया पदबंध में मुख्य क्रिया का अंश है–

(A) धुल (B) धुलवा

(C) धुलवा रह (D) धुलवा रही

**24. कौन-सा प्रश्नवाचक वाक्य 'हाँ/ना' उत्तर वाला है?**

(A) आपने कार किस दिन खरीदी?
(B) कितने बज़े सोकर उठे थे?
(C) कहाँ-कहाँ घूम आए?
(D) क्या तुम्हारा ही नाम जॉन्सन है?

**25. उत्तम पुरुष एकवचन सर्वनाम का उदाहरण है–**

(A) तू
(B) वह
(C) हम
(D) मैं

**26. 'बाज़ार से पाँच किलो घी ख़रीद लाना।' वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित पद है–**

(A) निश्चित संख्यावाचक विशेषण
(B) अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण
(C) अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण
(D) निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

**27. किस शब्द से बना विशेषण ग़लत है?**

(A) झगड़ा – झगड़ालू
(B) ठंड – ठंडाई
(C) धन – धनी
(D) रूस – रूसी

**निर्देश: निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 28 से 30 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

**रेडियो मनोरंजन का एक अच्छा साधन है। मनोरंजन के इससे दो और श्रेष्ठ साधन हैं–सिनेमा और दूरदर्शन, पर दूरदर्शन या सिनेमा हमारे एकाकी मन के साथी नहीं हो सकते। सिनेमा देखने के लिए हॉल में जाना होगा और पैसे भी खर्च होंगे। इसी प्रकार दूरदर्शन को घर में ही देखा जा सकता है। माना कि सिनेमा और दूरदर्शन दोनों में ही श्रव्य एवं दृश्य दोनों गुण हैं और रेडियो केवल श्रव्य गुण-संपन्न है, पर आँखे बंद करके स्वर-लहरी पर तैरते रहने का आनंद कुछ और ही है।**

**28. सिनेमा देखने के लिए कहाँ जाना पडता है?**

(A) घर में
(B) ऑफिस में
(C) स्कूल में
(D) हॉल में

**29. मनोरंजन के साधनों के विषय में कौन-सा कथन असत्य है?**

(A) रेडिया, दूरदर्शन तथा सिनेमा तीनों ही मनोरंजन के साधन हैं।
(B) सिनेमा देखने के लिए हॉल में जाना पड़ता है तथा पैसे भी खर्च होते हैं।
(C) रेडियो और दूरदर्शन दोनों में श्रव्य तथा दृश्य दोनों गुण होते हैं।
(D) रेडियों का आनंद आँखें बंद करके अकेले में भी लिया जा सकता है।

30. 'गुणसंपन्न' (गुणों से संपन्न) किस समास का उदाहरण है?

(A) करण तत्पुरुष
(B) कर्म तत्पुरुष
(C) संबंध तत्पुरुष
(D) अपादान तत्पुरुष

## खंड (ख)

**निर्देश :** इस खंड में 20 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प हैं, जिनमें से दो विकल्प सही हैं। विद्यार्थी को दोनों सही विकल्पों का चयन करना है।

31. वर्तनी की दृष्टि से कौन-से दो शब्द अशुद्ध हैं?

(A) आगामी
(B) आर्शीवाद
(C) प्रकार्य
(D) साधू

32. किन दो कवियों ने अपनी रचनाएँ ब्रज भाषा में लिखी हैं?

(A) तुलसीदास
(B) सूरदास
(C) कबीरदास
(D) रसखान

33. भारत के तिरंगे झंडे से संबंधित कौन-से दो तथ्य ग़लत हैं?

(A) केसरिया रंग देश की शक्ति और साहस का प्रतीक है।
(B) बीच की पट्टी का सफ़ेद रंग शांति और सत्य का प्रतीक है।
(C) नीचे की हरी पट्टी संघर्ष का प्रतीक है।
(D) धर्म चक्र भगवान विष्णु के चक्र का प्रतीक है।

34. निम्नलिखित में से कौन-से दो शब्द यौगिक शब्द नहीं है?

(A) ईमान
(B) अमृत
(C) हिमालय
(D) सवार

35. कौन-से दो शब्द 'पुष्प' शब्द के पर्याय नहीं हैं?

(A) कुसुम
(B) कली
(C) पर्ण
(D) फूल

36. यदि पिता जी को पत्र लिखना हो तो निम्नलिखत में से किन दो संबोधनों का प्रयोग करना ठीक होगा?

(A) प्रियवर
(B) आदरणीय
(C) माननीय महोदय
(D) पूज्य

37. निम्नलिखित में से किन दो व्यंजनों के उच्चारण में मुख से वायु घर्षण करती हुई निकलती है?

(A) फ़्
(B) ल्
(C) ह्
(D) ज़्

38. पंजाब के दो प्रसिद्ध त्योहार कौन-से हैं?

(A) गणगौर
(B) लोहड़ी
(C) पोंगल
(D) बैसाखी

39. निम्नलिखित में से कौन-सी दो भाषाएँ देवनागरी लिपि में लिखी जाती हैं?

(A) नेपाली
(B) गुजराती
(C) मराठी
(D) पंजाबी

40. निम्नलिखित में से कौन-से दो व्यंजन तालव्य हैं?

(A) च्
(B) ठ्
(C) ञ्
(D) त्

GRADE
7

हिंदी